D 13787 (Pages : 3) Name.................................

Reg. No.............................

FIRST SEMESTER B.Sc. (L.R.P.) DEGREE EXAMINATION, NOVEMBER 2016

(CUCBCSS–UG)

Common Course—Hindi

A 07 (03)—PROSE AND ONE ACT PLAYS

(2016 Admissions)

Time : Three Hours Maximum : 80 Marks

I. वस्तुनिष्ठ उत्तर लिखिए (प्रश्न संख्या 1 से 10 तक के सभी प्रश्नों के उत्तर **अनिवार्य** हैं ।) :

(क) कोष्ठकों से सही उत्तर चुनकर लिखिए :

1 'त्यागमूर्ति निराला' का रचनाकार कौन है ?

(आलोक गुप्त, शिवपूजन सहाय, रघुवीर सहाय, विनोद सहाय)

2 हिन्दी पहला एकांकी कौन-सा है ?

(कारवाँ, एक घूँट, ताँबे के कीड़े, कठपुतलियाँ)

3 'पृथ्वीराज की आँखें' का रचयिता कौन है ?

(भारत भूषण अग्रवाल, डा. रामकुमार वर्मा, जयशंकर प्रसाद, हरिकृष्ण प्रेमी)

4 महाभारत युद्ध में पराजित दुर्योधन कहाँ के सरोवर में छिपकर बैठ जाता है ?

(दंडकवन, सुन्दरवन, द्वैतवन, वृन्दावन)

5 इनमें किस पर्व की कथा असुरों की धूर्तता से संबंधित है ?

(ओणम, दीवाली, होली, बिहु)

(ख) एक-एक शब्द में उत्तर लिखिए :

6 'वे बहादुरी से बिके' का लेखक कौन है ?

7 'जीवन का व्यवसाय' महादेवी वर्मा के किस ग्रंथ से उद्धृत है ?

8 'पृथ्वीराज की आँखें' की कथावस्तु का आधार ग्रंथ कौन-सा है ?

Turn over

9 दुर्योधन के पिता का क्या नाम है ?

10 'यहाँ रोना मना है' का रचनाकार कौन है ?

(10 × 1 = 10 marks)

II. किन्हीं **दस** प्रश्नों के लघु उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए :

11 निराला ने 'मतवाला' प्रेस के मशीनमैन की कौन-सा सहायता की ?

12 महादेवी वर्मा की किन्हीं चार गद्य रचनाओं के नाम लिखिए ।

13 होली और ओणम मानव प्रकृति के किन-किन पक्षों पर प्रकाश डालते हैं ?

14 लेखिका की दृष्टि में जीवन का व्यवसाय करनेवाली नारियों पडा दोहरा अभिशाप क्या है ?

15 "वह आत्मश्लाघा सुनने के अभ्यासी न थे । कभी-कभी तो कहीं ऐसा प्रसंग छिड़ने पर वहाँ से उठकर अलग चले जाते थे । यह प्रसंग किस रचना का है ? इस प्रसंग में किस व्यक्ति के संबंध में कहा गया है ?

16 "कभी कोई ऐसा इतिहासकार न हुआ जो इन मूक प्राणियों की दुख भरी जीवन गाथा लिखता ।"—ये पंक्तियाँ किसने किसके संबंध में लिखी हैं ?

17 व्यावहारिक दृष्टि से ओणम चार दिनों का उत्सव है । ये चार दिन कौन-कौन से हैं ?

18 प्रतिष्ठित साहित्यकार राज्य के सेक्रटरी से क्यों नाराज़ है ?

19 शहाबुद्दीन गोरी से चंद बरदाई अपनी वफादारी का कौन-सा इनाम माँगता है ?

20 कालिंदी के लिए आए पत्र में क्या बात लिखी गयी थी ?

21 'शादी की बात' द्वारा एकांकीकार किस बात पर व्यंग्य किया गया है ?

22 "क्या स्त्रियों की भाँति यहाँ जल में छिप कर बैठा है ! बाहर निकल आ । देख, तेरा काल तुझे ललकार रहा है ।" यह प्रसंग किस एकांकी का है ? ये वाक्य कौन किससे कहता है ?

(10 × 2 = 20 marks)

III. किन्हीं **चार** प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर (150 शब्दों में) लिखिए :

23 कालिंदी का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

24 'वे बहादुरी से बिकें' का व्यंग्य समझाइए ।

25 ओणम और होली की प्राकृतिक भूमिका पर प्रकाश डालिए ।

26 सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

यदि उस समय तुम होते, तो कांप जाते ! तुम्हारी लेखनी कुंठित हो जाती । मनुष्यता थर्रा उठती ।

27 सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

मेरी समझ में आ गया है कि अब प्राणों की तृप्ति की चेष्टा व्यर्थ है । विफलता के इस मरूस्थल में अब एक बूँद आवेगी भी तो सूखकर खो जाएगी ।

28 सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

कैसी बातें करते हो ! हम किताबें क्यों नहीं बेचेंगे ? हम क्या डरते हैं ? तुम उस सेक्रटरी के प्रति पूर्वाग्रह से ग्रस्त हो ।

(4 × 5 = 20 marks)

IV. किन्हीं **दो** प्रश्नों के विस्तृत उत्तर लिखिए :

29 पठित निबंध के आधार पर निराला के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालिए ।

30 दुर्योधन को सुयोधन कहना कहाँ तक उचित है ? तर्कसंगत उत्तर लिखिए ।

31 'जीवन का व्यवसाय' के आधार पर नारी शोषण के विभिन्न पहलुओं पर विचार कीजिए ।

(2 × 15 = 30 marks)